**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की 'भवन एवं कार्य समिति' ( Building and Works Committee ) की दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 को पूर्वान्ह 11.00 बजे स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न तृतीय बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 श्री निवास सिंह,<br>कुलपति | : अध्यक्ष |
| 2 | श्री रामदुलार,,<br>डीन–प्लानिंग, रिसोर्स जनरेश्न<br>एवं एल्यूमनाई रिलेश्न्स | : सदस्य |
| 3 | प्रो0 एन0के0सक्सेना,<br>के0एन0आई0टी0,<br>सुल्तानपुर | : सदस्य |
| 4 | श्री राजीव गर्ग, अधीक्षण अभियन्ता<br>आई0डब्लू0डी0, आई0आई0टी0, कानपुर | : सदस्य |
| 5 | डा यू0 सी0 जायसवाल<br>कुलसचिव | : सदस्य |
| 6 | श्री दयाशंकर सिंह,<br>वित्त नियन्त्रक | : सदस्य |
| 7 | श्री राघवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता (विद्युत)<br>आई0आई0टी0, कानपुर | :विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8 | प्रो0 एस0एम0अली जावेद,<br>विभागाध्यक्ष–सिविल एवं प्रोफेसर इन्चार्ज (अवस्थापना) | : सदस्य–सचिव |

प्रो0 जगवीर सिंह, आचार्य, राजकीय वास्तुकला महाविद्यालय, लखनऊ एवं मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0लो0 निर्माण विभाग, गोरखपुर बैठक में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके।

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय की भवन एवं कार्य समिति ( Building and works Committee ) की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त निम्नवत् हैः–

मद सं0.– 03.00 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय, गोरखपुर की भवन एवं कार्य समिति की द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्यान्वयन का विवरण।**

समिति द्वारा भवन एवं कार्य समिति की प्रथम बैठक में लिये गये निणयों के कियान्वयन संबधी विवरण से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।

SMJawaid

मद सं0.– 03.01 **<u>विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण के निमित्त शासनादेश संख्या– 4312/ सोलह–1–2016–3 (10)/2015 दिनॉक 17.11.2016 के अन्तर्गत स्वीकृति कार्यो/भवन निर्माण कार्यो की अद्यतन प्रगति तथा कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन।</u>**

उपरोक्त कार्य की सूचना से अवगत होते हुए समिति द्वारा कृत कार्यवाही का अवलोकन किया गया ।

मद सं0.– 03.02 **<u>विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के निमित्त शासनादेश संख्या– 5185/ सोलह–1–2016–3 (10)/2015 दिनॉक 04.01.2017 के अन्तर्गत स्वीकृति कार्यो/भवन निर्माण कार्यो की अद्यतन प्रगति तथा कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन।</u>**

उपरोक्त कार्य की सूचना से अवगत होते हुए समिति द्वारा कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं निम्नलिखित सुझाव दिये गये :–

1. इस हाल को अन्य इनडोर स्पोर्ट्स यथा बाली–बाल, बैडमिन्टन आदि के प्रयोग के अनुसार अर्थात बहुउद्देशीय बनाये जाने हेतु विस्तृत आगणन की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन किये जाय ।

2. फ्लोरिंग हेतु नेशनल बास्केट बाल कोट के विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता की फ्लोरिंग (Rubberised Synthetics Flooring /Mappel wood flooring ) Polythin layer and Neoprin gasket का प्रयोग करते हुए इस कार्य में अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्म से कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जाय ।

3. LED lights का प्रयोग किया जाय एवं इसप्रकार किया जाय कि आवश्यक Lux प्राप्त हो सके जिससे कि विभिन्न खिलाड़ियों को खेलने में असुविधा न हो ।

4. सभी खेलों से संबंधित Posts Removable बनाया जाय ।

5. खिलाड़ियों एवं दर्शको के लिए अलग–अलग द्वारा की व्यवस्था की जाय ।

6. खिलाड़ियों के लिए लाकर रुम में बाथरुम की व्यवस्था अवश्य की जाय ।

मद सं0.– 03.03 **<u>विश्वविद्यालय में शासन से प्राप्त होने वाले अनुदान से निर्मित होने वाले श्रेणी –IV के कुल 32 अदद आवासों के निर्माण के संबंध में कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव ।</u>**

उपरोक्त कार्य की सूचना से अवगत होते हुए समिति द्वारा कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

| मद सं0.– 03.04 | **विश्वविद्यालय में शासनादेश संख्या– 2047/सोलह–1–2017 (20)/2015 दिनांक 05.08.2017 द्वारा प्राप्त अनुदान के अन्तर्गत रुपया 502.00 लाख के नये विद्युत वितरण व्यवस्था एवं एक नये सब –स्टेशन के निर्माण कार्य की सूचना समिति के अवलोकनार्थ।** |
|---|---|

उपरोक्त प्रस्ताव की सूचना से समिति अवगत हुई एवं निम्न सुझाव दिये गये :–

1. वर्तमान विद्युत व्यवस्था अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण होने के कारण किसी भी अनहोनी की आशंका के दृष्टिगत न्यूनतम आवश्यक विद्युत (LT Pannels) मरम्मत कार्य का पृथक से प्रस्ताव तैयार कर तत्काल कार्य करा लिया जाय ।

2. विस्तृत कार्य हेतु निदेशक, विद्युत सुरक्षा से कार्येत्तर इन्सपेक्शन भी करा लिया जाय ।

| मद सं0.– 03.05 | **विश्वविघालय मे मलवा एवं अन्य भारी समानो के स्थान्तरण तथा स्थल विकास कार्य आदि हेतु एक अदद् जे0सी0बी0 क्रय किये जाने के अनुमोदन का प्रस्ताव।** |
|---|---|

उपरोक्त जे0सी0बी0 क्रय प्रस्ताव पर समिति द्वारा चर्चा उपरान्त क्रय न कर वाह्य एजेन्सी से किराये पर लेकर आवश्यकतानुसार कार्य कराये जाने का निर्णय लिया गया ।

| मद सं0.– 03.06 | **विश्वविद्यालय परिसर में स्थित 10 अदद पुराने आवासों के विशेष मरम्मत के संबंध में कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव ।** |
|---|---|

उपरोक्त प्रस्ताव से अवगत होते हुए समिति द्वारा कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

| मद सं0.– 03.07 | **विश्वविद्यालय में सिविल एंव विद्युत मरम्मत/अनुरक्षण कार्यों हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से रेट कन्ट्रैक्ट पर समान क्रय के अनुमोदन का प्रस्ताव ।** |
|---|---|

उपरोक्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार करते हुए प्रथम चरण में ई–टेण्डर के माध्यम से 06 माह की आवश्यकता के अनुरुप समस्त सामान के क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया एवं 25% सामान Residual Stock रहने पर ही द्वितीय चरण की कार्यवाही प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया ।

| मद सं0.– 03.08 | **विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पम्प हाउस नं0 04 की पम्पिंग क्षमता बढ़ाये जाने संबंधी कार्य के अनुमोदन का प्रस्ताव ।** |
|---|---|

उपरोक्त प्रस्ताव से समिति अवगत होते हुए जलापूर्ति व्यवस्था के सबंध में अध्ययन कर विस्तृत कार्य योजना तैयार कराने का निर्णय लिया गया (आगामी 20 वर्षों की आवश्यकता के दृष्टिगत ) एवं तत्कालिक रुप से निर्वाध जलापूर्ति हेतु एक अदद 15 एच0पी0 का पम्प क्रय कर स्पेयर के रुप में रखे जाने का निर्णय लिया गया जिससे कि अचानक पम्प खराब हो जाने की दशा में तत्काल स्पेयर वाले पम्प लगाकर जलापूर्ति बहाल की जा सके क्योंकि खराब पम्प को समान रुप से बनाये जाने में लगभग 15 दिनों का समय लग जाता है ।



https://outlook.office.com/owa/?realm=mmmut.ac.in&exsvurl=1&ll-cc=1033&modurl=0

1/1

मद सं0.– 03.09 **कार्यशाला मरम्मत की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव ।**

समिति द्वारा प्रकरण से अवगत होते हुए सक्षम स्तर से अनुबन्ध के अन्तिमीकरण की स्वीकृति उपरान्त ठेकेदार की उपस्थिति में कराये गये कार्यों के मूल्यांकन एवं अवशेष कार्य के वर्तमान समय में कराये जाने पर आरोपित व्यय का निर्धारण कर ठेकेदार को भुगतान किये जाने वाली धनराशि में से समायोजित करते हुए भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया । इसके अतिरिक्त उस कार्य को पुनः कराये जाने हेतु आमंत्रित निविदा में प्रतिभाग करने से उक्त ठेकेदार को वचित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

मद सं0.– 03.10 **विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण के निमित्त शासन से स्वीकृत कार्यों/भवन निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की सूचना ।**

समिति उपरोक्त कार्यों/भवन निर्माण कार्यों की प्रगति सूचना से अवगत हुई ।

मद सं0.– 03.11 **विश्वविद्यालय में गत बैठक के बाद अद्यतन कराये गये /कराये जा रहे अन्य प्रमुख कार्यों की सूचना एवं उनके अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय में गत बैठक के बाद अद्यतन कराये गये/कराये जा रहे अन्य प्रमुख कार्यों की सूचना से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0.– 03.12 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

1. आडिटोरियम (2000 क्षमता ) के निर्माणाधीन भवन के विषय में चर्चा के दौरान यह तथ्य रेखांकित किया गया कि एयर कन्डीशनिंग को प्रोविजन न करने की दशा में फैन एवं इक्झास्ट फैन लगाना अपरिहार्य हो जायेगा, जिससे आडिटोरियम की Acoustics पर प्रतिकूल असर पड़ेगा इसलिए कम से कम AHU का प्रोविजन अवश्य किया जाय जिससे भविष्य में चीलर यूनिट जोड़े जाने पर किसी प्रकार की तोड़ –फोड़ नही करनी पड़ेगी ।

2. संमिति द्वारा आगामी 20 वर्ष का विजन लेते हुए सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिसर का Master plan, School of Planning and Architecture (SPA) Delhi/Bhopal अथवा G.C.A. Lucknow से कराये जाने का निर्णय लिया गया ।

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन सहित बैठक सम्पन्न हुई ।

31/10/17

( प्रो0 एस0एम0अली जावेद )
विभागाध्यक्ष–सिविल इंजी0 विभाग
सदस्य–सचिव

अनुमोदित

31.10.17

( प्रो0 श्री निवास सिंह )
कुलपति
अध्यक्ष



https://outlook.office.com/owa/?realm=mmmut.ac.in&exsvurl=1&ll-cc=1033&modurl=0 1/1